**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 शनिवार** **दिनांक 16.08.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो में छत्तीसगढ़ अपनी धरोहर और विकास यात्रा का प्रदर्शन करेगा।**

- **मुख्यमंत्री ने रायपुर से एसबीआई साइबर सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान की शुरूआत की।**

- **भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।**

- **प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और एक—दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना।**

**मुख्यमंत्री—वर्ल्ड एक्सपो**

जापान के ओसाका में तेरह अप्रैल से चल रहे वर्ल्ड एक्सपो में छत्तीसगढ़ अपनी धरोहर और विकास यात्रा का प्रदर्शन करेगा। तेईस अक्टूबर तक चलने वाले इस एक्सपो में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी विशेष आमंत्रण मिला है। एक्सपो का विषय – ''डिजाइनिंग फ्यूचर सोसायटी फॉर अवर लाइव्स तथा इसके उप विषय – सेविंग लाइव्स, इम्पावरिंग लाइव्स और कनेक्टिंग लाइव्स'' है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की भागीदारी न केवल राज्य की सांस्कृतिक और तकनीकी प्रगति को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ को औद्योगिक विकास के विश्व मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति बेहद प्रभावी रही है।

गौरतलब है कि ब्यूरो इंटरनेशनल द एक्सपोजिशन्स द्वारा आयोजित वर्ल्ड एक्सपो को नवाचार और सतत विकास पर वैश्विक संवाद का प्रमुख मंच माना जाता है। इस आयोजन में एक सौ साठ से अधिक देश और नौ अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ एक्सपो स्थल पर अपने राज्य स्तरीय स्टॉल स्थापित करेगा।

**<u>मुख्यमंत्री–साइबर सुरक्षा रथ</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास परिसर से एसबीआई साइबर सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि तकनीक ने मानव जीवन को आसान और सहज बनाया है। डिजिटल लेनदेन तेज और सुविधाजनक हुए हैं, लेकिन साइबर ठगी जैसी चुनौतियां भी बढ़ीं हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी से लोग साइबर धोखाधड़ी से बच सकते हैं।

साइबर सतर्कता रथ के माध्यम से लोगों को ऑडियो, वीडियो संदेश, नुक्कड़ और कटपुतली नाटक के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस रथ का विशेष फोकस उन स्थानों पर रहेगा, जहां साइबर ठगी के मामले अधिक होते हैं। प्रदेश में ऐसे ही उनतीस हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं।

**<u>छत्तीसगढ़–रजत महोत्सव</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुक्ताकांशी मंच से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ किया। यह महोत्सव अगले साल छह फरवरी तक यानी पूरे पच्चीस सप्ताह तक जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि यह शासकीय नहीं बल्कि सभी

प्रदेशवासियों का महोत्सव है, जिसमें राज्य के हर वर्ग, समाज और हर उम्र की लोगों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

## राज्यपाल–सम्मेलन

राज्यपाल रमेन डेका आज एम्स रायपुर में आयोजित नाक, कान, गला–ईएनटी रोग विशेषज्ञों के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर श्री डेका ने कहा कि बीमारियों का पता लगाने और उनके उपचार में एआई, रोबोटिक सर्जरी और अन्य नई तकनीकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि ईएनटी कई ऐसे गंभीर मुद्दों से जुड़ा है, जिनमें सिर–गले के कैंसर प्रमुख है। राज्यपाल ने इस समस्या से निपटने के लिए समाज और विशेषज्ञों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

## दरबार हॉल–नाम परिवर्तन

राजभवन के दरबार हॉल का नाम परिवर्तन कर छत्तीसगढ़ मंडपम कर दिया गया है। राज्यपाल रमेन डेका ने कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इसका विधिवत अनावरण कर घोषणा की।

## अटल बिहारी वाजपेयी–पुण्यतिथि

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अन्य केन्द्रीय मंत्रियों और राजनीतिक नेताओं ने आज राष्ट्रीय राजधानी में उनकी समाधि सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की।
इधर, छत्तीसगढ़ में भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने कहा है कि श्री वाजपेयी विराट व्यक्तित्व, महान वक्ता और जननायक होने के साथ–साथ सभी दलों के बीच सम्माननीय थे।

वहीं, मुख्यमंत्री ने रायपुर के अवंति विहार चौक पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनका पुण्य स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेशवासी अपने पते में जिस छत्तीसगढ़ शब्द का उपयोग करते हैं, वह अटल जी की ही देन है। वे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे।

उधर, रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनके छात्राचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**<u>सेना–भर्ती रैली</u>**

मध्यप्रदेश के विदिशा में आगामी बाईस अगस्त से दो सितंबर तक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अंतर्गत केन्द्रीय नियंत्रण श्रेणी के पदों – सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक, धर्मगुरू जेसीओ, जेसीओ कैटरिंग, एजुकेशन हवलदार और हवलदार सर्वेयर तथा ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर की भर्ती प्रक्रिया इकतीस अगस्त से एक सितंबर को होगी। इन पदों के लिए केवल वे ही उम्मीदवार पात्र होंगे, जिन्होंने सेना द्वारा बीते जून–जुलाई में आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। रैली के दौरान अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता, दस्तावेजों की जांच और चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। भर्ती में शामिल होने वाले योग्य उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र उनके ई–मेल पर भेजे जाएंगे। भर्ती स्थल पर प्रवेश केवल प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि और समय के अनुसार ही मिलेगा। रैली में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र, सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य है।

**<u>बीएसपी–आगजनी</u>**

दुर्ग जिले में स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस आठ में बीती रात आग लग गई। इस हादसे में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ब्लास्ट फर्नेस में वेस्ट कैचर के अचानक फटने से

आग लगी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से उत्पादन पर असर पड़ा है। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। बीएसपी प्रबंधन ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

**माओवादी–मुठभेड़**

कोंडागांव जिले में बीती देर रात सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम नालाझार के जंगल में मुठभेड़ हुई है। इस घटना में एक ग्रामीण घायल हो गया है, जिसे बहेरम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल की तलाशी के दौरान जवानों ने माओवादी साहित्य, वर्दी और दो भरमार बंदूकें बरामद की हैं।

**पुलिस जवान–आत्महत्या**

बालोद जिले के दल्लीराजहरा थाने में पदस्थ एएसआई हिरामन मंडावी ने आज पुलिस स्टाफ बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**जन्माष्टमी**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश के कृष्ण मंदिरों में आकर्षक साज–सज्जा की गई हैं। मंदिरों और घरों में आज रात भगवान श्रीकृष्ण की विशेष रूप से पूजा–अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को माखन–मिश्री के अलावा अन्य कई चीजों का भोग लगाया जाएगा।

इस बीच, राजधानी रायपुर में भी कृष्ण मंदिरों की विशेष साज–सज्जा की गई है। मंदिरों को रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। इस मौके पर श्रीकृष्ण के बाल गोपाल रूप का श्रृंगार कर विशेष पोशाक पहनाई जाएगी।

राजधानी में टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर, समता कॉलोनी के राधा–कृष्ण मंदिर सदर बाजार स्थित गोकुल चन्द्रमा मंदिर और मठपारा स्थित दूधाधारी मठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं।

## मौसम

प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक एक निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास स्थित है। साथ ही ऊपरी हवा में एक चक्रवात बना हुआ है। प्रदेश में फिलहाल मानसून की स्थिति कमजोर रहने की संभावना है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''बीजापुर''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>